09/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि आने वाले वर्षों में भारत-रूस संबंध और प्रगाढ़ होंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान श्री मोदी ने कहा कि लगभग 10 वर्षों में, उनकी 17 बार मुलाकात हुई है और पिछले 25 वर्षों में उनकी लगभग 22 द्विपक्षीय बैठकें हुई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 40-50 वर्षों से भारत आतंकवाद का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने हर तरह के आतंकवाद की निंदा की। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कोविड महामारी के कारण विश्व को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। श्री मोदी ने भारत-रूस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारतीय किसानों और भारतीय उपभोक्ताओं को मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दुनिया ईंधन की चुनौती का सामना कर रही थी, तब रूस के समर्थन से भारत को पेट्रोल और डीजल की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि दुनिया को यह स्वीकार करना चाहिए कि ईंधन को लेकर भारत-रूस समझौते ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्थिरता लाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

00000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाना है। रूस में मॉस्को में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आज भारत जो भी लक्ष्य निर्धारित करता है वो हासिल कर लेता है।

उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार गठन के बाद प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ यह उनकी पहली बातचीत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास में भारत का योगदान 15 प्रतिशत है और आने वाले समय में ये इससे ज्यादा हो जाएगा। 000000000000000

जम्मू - कश्मीर में कठुआ जिले के माचेडी इलाके में कल आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने आज एक बड़ा संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। इस मुठभेड में सेना के पांच जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे और पांच अन्य घायल हुए थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि घने वन क्षेत्रों में तलाशी दल के लिए हेलीकॉप्टर, यू ए वी निगरानी, खोजी कुत्ते और मेटल डिटेक्टरों से सहायता ली जा रही है। कठुआ जिले के माचेडी, बदनोट, किंडली और लोहाई इलाकों में सेना, पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का संयुक्त दल घेराबंदी और तलाश अभियान चला रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि हमले में तीन से चार आतंकवादी थे जिनमें ज्यादातर विदेशी थे। ये उसी समूह का हिस्सा हैं जो बसंतगढ हमले में शामिल थे जिसमें पनारा गांव में 28 अप्रैल को मुठभेड में एक रक्षा गार्ड मारा गया था।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकी हमले में सेना के पांच जवानों के वीरगति को प्राप्त करने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्र इस कठिन समय में सेना के जवानों के परिवार के साथ खडा है।

0000000000000000000

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को ईटानगर में पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवेशकों और उद्योग के लिए पहले आउटरीच कार्यक्रम संवाद- दो हजार चौबीस में भाग लिया। इस दौरान श्री गोयल ने व्यापार निवेश और सतत विकास के नए अवसरों की तलाश के लिए राज्य के अधिकारियों, व्यापारिक प्रतिनिधियों और स्थानिय उद्यमियों के साथ कई उच्च स्तरीय बैठकों में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय उद्यमियों को उनकी चिंताओं को दूर करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने में केंद्र सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री ने उत्तर पूर्व परिवर्तनकारी औद्योगिकी करण - उन्नति योजना पुस्तिका का भी विमोचन किया और रोजगार सृजन के लिए मोदी सरकार की नीति के लिए पंजीकरण प्रमाण पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और उप मुख्यमंत्री चाउना मेन भी उपस्थित थे।

0000000000000000000

केंद्रीय वाणिज्य एंव उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज राजभवन में राज्यपाल के टी परनाईक से मुलाकात की। बैठक में केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अरुणाचल प्रदेश के बागवानी और कपड़ा तथा हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के अवसरों पर चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में कई बागवानी उत्पाद, विशेष रुप से कीवी की खेती बड़ी मात्रा में की जाती है। राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री को राज्य के सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए मालगाड़ियों और कोल्ड स्टोरेज के लिए सुझाव दिया।

00000000000000000

केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक विकास मंत्री किरेन रिजिजू ने आज ईटानगर में सिविल सेक्रेटेरियट में एक प्रेस सम्मेलन में कहा कि भारत सरकार ने भारत-चीन सीमा पर फ्रंटियर हाईवे बनाने की मंजूरी दे दी है और इस संबंध में टेंडर प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस हाईवे पर करीब चालीस हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सड़क परियोजना के क्षेत्र में रहने वाले सभी ग्रामीणों को भूमि का मुआवजा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि असम की सीमा पर एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर सड़क परियोजना अंतिम चरण में है और उक्त परियोजना के लिए डी पी आर तैयार करने का काम प्रगति पर है।

0000000000000000

सियांग जिले के लोकपेंग और पांगिन ट्राई जंक्शन के बीच लगातार भूस्खलन की खबरों के चलते जिला प्रशासन ने आज एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर पांगिन-आलो राष्ट्रीय राजमार्ग-13 से रात और सुबह के समय यात्रा करने से बचने को कहा। सियांग जिला उपायुक्त ने सड़क अवरोध से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में मेन पावर और मशीनरी जुटाने का भी आदेश दिया।

0000000000000000

ईटानगर मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के पांच जिलों लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली, लोहित और नामसाई में भारी बारिश की रेट अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, कामले, लेपारादा, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, अंजाव और चांगलांग जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

0000000000000000

पाके केसांग जिला पुलिस ने रविवार को एक नाबालिक लड़की की मौत के मामले में कानून के साथ संघर्षरत एक बच्चे को गिरफ्तार किया और उन्हें ईस्ट कामेंग़ जिला मुख्यालय सेप्पा में किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया। पाके केसांग जिला एस पी तासी दारांग ने बताया कि रविवार को पुलिस स्टेशन को सूचना मिली कि न्गोलेको गांव में एक लड़की अपने कमरे में मृत पाई गई है। बाद में पुलिस ने उस लड़के को पकड़ लिया जिसे पीड़िता की माँ ने उस कमरे से भागते हुए देखा था जहाँ लड़की मृत पाई गई थी।

0000000000000000